डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन बुधवार 01 अप्रैल 2026 | वर्ष-04 अंक-235 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को प्रदान करेगा मजबूत आधार-मुख्यमंत्री

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि काशी विश्वनाथ धाम दुनिया के सात पवित्र स्थानों में शामिल है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कर्मक्षेत्र भी है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है, जो स्थिरता, संभावनाओं और भरोसे का प्रतीक है।**

उनके नेतृत्व में हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। वाराणसी की तरह उज्जैन भी धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दोनों ही शहरों में धार्मिक पर्यटन की बड़ी संभावनाओं को देखते हुए विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। दोनों राज्यों के बीच भौगोलिक रिश्ते होने के साथ सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश साझा विरासत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस क्रम में आज आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को आधार प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को बनारस में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारम्परिक शिल्प, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश




अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच देने के उद्देश्य से आयोजित सहयोग सम्मेलन का वाराणसी के होटल रामाडा में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं श्री महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति तथा ओडीओपी की पहल को मजबूत करने, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा अंतर्राज्यीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिये उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के मध्य 2 महत्वपूर्ण एमओयू हुए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उत्तर प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प से देश ने लाल सलाम को आखिरी सलाम किया है। नक्सलवाद लोकतंत्र की स्थापना के लिए बड़ी चुनौती था। मध्यप्रदेश अब नक्सल मुक्त हो चुका है। इससे प्रदेश के विकास और औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सुशासन के नये प्रतिमान स्थापित किए है। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने भी कानून-व्यवस्था के साथ विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

## सीएम योगी की मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाला मौलाना गिरफ्तार



**लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाले बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसे एसटीएफ ने बिहार से गिरफ्तार किया। इसके बाद यूपी के बहराइच लाया गया।**

पुलिस के अनुसार, नगर कोतवाली में लाने के बाद मौलाना से करीब 30 मिनट तक पूछताछ की गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया है।

बताते चलें कि कुछ दिन पहले मौलाना अब्दुल सलीम ने मुख्यमंत्री की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद बहराइच सहित प्रदेश के कई जिलों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। इससे मामला गंभीर हो गया था।

मामले में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने 8 मार्च को नगर कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई थी।

तब से पुलिस और एसटीएफ की टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी।

एएसपी नगर अशोक सिंह का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### एक और भ्रष्टाचारी लोकायुक्त के शिकंजे में....

## भ्रष्टाचारी अमीन राज दिनकर जल संसाधन विभाग धार को लोकायुक्त ने 10 हजार की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा

**संघर्ष से सिद्धि की खास खबर**

**धार।** महानिदेशक लोकायुक्त विपुस्था योगेश देशमुख द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही आवेदक दयाराम पटेल पिता जगन पटेल, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम आमला तहसील और जिला धार धंधा कृषि ने पुलिस अधीक्षक विपुस्था इंदौर संभाग इंदौर राजेश सहाय को आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसने ग्राम आमला के तालाब की रिक्त भूमि पर खेती के पट्टे के लिए जल संसाधन विभाग धार के अमीन राज दिनकर से बात की तो अमीन ने इस हेतु आवेदन ले लिया और अमीन राज दिनकर द्वारा पट्टा स्वीकृत करवाने हेतु रिश्वत की मांग की जा रही है। पट्टे की फीस 5-7 हजार रुपए लगती है पर अनावेदक द्वारा 30,000 रुपए की मांग की गई। आवेदक रिश्वत नहीं देना चाहता था और रिश्वत लेते हुए आरोपी को रंगे हाथ पकड़वाना चाहता था। प्राप्त शिकायत की तस्दीक पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय ने उप पुलिस अधीक्षक से कराई तो शिकायत सही पाई गई। इस पर मंगलवार दिनांक 31/03/26 को ट्रैप दल गठित किया गया। आरोपी ने आवेदक को रिश्वत राशि लेकर धार में बुलाया। मंगलवार को धार में कार्यालय का अवकाश होने से आवेदक ने रिश्वत राशि देने हेतु आरोपी राज दिनकर पिता स्वर्गीय राजेंद्र दिनकर, उम्र 26 वर्ष जलसंसाधन विभाग में अमीन है यह आरोपी 127, स्कीम 78 विजय नगर, इंदौर का रहने वाला है ने अपने किराए से लिए घर पर प्रकाश नगर धार में बुलाया। लोकायुक्त की टीम आसपास तैनात हो गई थी। जैसे ही आरोपी ने आवेदक से रिश्वत राशि 10000 रुपए अपने दाहिने हाथ में लिए, लोकायुक्त के दल ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

**ट्रेपदल-**उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान, आरक्षक श्री विजय कुमार, आरक्षक आदित्य सिंह भदौरिया, आरक्षक कमलेश परिहार, आरक्षक अनिल परमार, आरक्षक रामेश्वर निंगवाल।







# महावीर जन्मकल्याणक पर भव्य शोभायात्रा, जियो ओर जीने दो के साथ जैन एकता का संदेश



**राजेश नाहर 9479973888**

**खेतिया।** महावीर जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान भगवान महावीर की जयंती पर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, सुबह जैन स्थानक से निकली प्रभातफेरी, मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात मंदिर से शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्ग से होकर निकली, शोभायात्रा के दौरान विरों में वीर महावीर, जैनम जयति शासनम तथा एक दो तीन चार, महावीर की जय जयकार महावीर का ये संदेश जियो ओर जीने दो जैसे गगनभेदी जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी जी को रथ में विराजमान किया गया,शहर भर में जैन धर्मवलम्बियों ने परम्परगत गवली बनाकर पूजन किया,पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चे और महिलाएं व समाजजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे जो भक्ति गीतों पर झूमते रहे,नन्हे बच्चे हाथों में जैन ध्वज लहरा रहे थे,सकल जैन समाज का सम्मिलित रूप से स्नेह भोज (स्वामी वात्सल्य) सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के सभी वर्गों-महिला, पुरुष एवं युवाओं ने एक साथ सहभागिता कर जैन एकता का अद्भुत परिचय दिया।

दोपहर स्थानक भवन में विश्व कल्याण व शांति को लेकर महावीर स्वामी के संदेश जिओ ओर जीने दो को लेकर सामूहिक सामयिक की गई। आज ही शाम प्रभु की महाआरती की जाने वाली है महावीर जयंती के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल किया, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया।सकल जैन संघ ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## डही नगर में सुरक्षा की ओर बड़ा कदम

# नगर परिषद ने लगाए स्पीड ब्रेकर

**रामेश्वर सोनी**

**डही। प्राकृतिक सुंदरता के बीच बसे डही नगर में हाल ही में नगर परिषद द्वारा टेपर (स्पीड ब्रेकर) लगाने का कार्य शुरू किया गया है, जिसे देखकर नगरवासियों में खुशी और संतोष का माहौल है। यह पहल न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि संभावित दुर्घटनाओं को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।**

नगर में अक्सर देखा जाता है कि युवा वर्ग दोपहिया वाहनों को तेज गति से चलाते हैं, जिससे अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ऐसे में नगर परिषद द्वारा उठाया गया यह कदम समाजसेवा की दृष्टि से बेहद सराहनीय है। यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाने का एक प्रयास है।

नगर परिषद डही के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया जा रहा है। इस पहल से भविष्य में कई सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा और नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। विशेष रूप से सोनी मोहल्ला और सदर बाजार, जो नगर के सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र हैं, वहां भी जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर लगाने की आवश्यकता जताई गई है। उम्मीद है कि नगर परिषद इन क्षेत्रों में भी शीघ्र कार्य पूर्ण कर किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने में सफल होगी।

सिर्फ आलोचना करने से विकास संभव नहीं होता। यदि नागरिक अपनी



आवश्यकताओं और समस्याओं को सही माध्यम से परिषद तक पहुंचाएं, तो समाधान जल्द ही संभव है। डही नगर परिषद के अध्यक्ष और पार्षदगण हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहते हैं जरूरत है तो केवल अपनी बात उन्हें स्पष्ट रूप से बताने की।

जिस प्रकार इस लेख के माध्यम से सोनी मोहल्ला और सदर बाजार में ब्रेकर लगाने की मांग उठाई गई है, उसी प्रकार हर नागरिक को भी अपनी आवाज पंचायत तक पहुंचानी चाहिए, ताकि पूरे नगर का संतुलित विकास हो सके।

डही नगर परिषद अध्यक्ष का संकल्प है कि वे नगर की जनता की सेवा में निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस पहल से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। साथ ही, सड़क पर होने वाले विवादों में भी कमी आएगी और जनहानि व धनहानि दोनों से बचाव संभव होगा।

# अठाना नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रिंका जैन व उपाध्यक्ष ललिता बैरागी की उपस्थिति में नगर परिषद में हुआ नवनियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत

**गोपाल नरवाडिया**

**अठाना।** शासन द्वारा प्रदेश की निकायों में की गई एल्डरमैन (वरिष्ठ पार्षद) की नियुक्ति के तहत नगर परिषद अठाना में चार एल्डर मैंननियुक्त किए गए नगर परिषद अठाना में नवनियुक्त एल्डरमैन लोकेंद्र सिंह चुंडावत उर्फ (लक्की बना) जुगल किशोर कारपेंटर राजू नरवाडिया का स्वागत कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने नवनियुक्त



एल्डरमैनों का पुष्पमालाओं एवं स्वागत उद्बोधन के माध्यम से अभिनंदन किया गया नगर के विकास सुशासन एवं जन सेवा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया सभी ने संगठन की एक जूटता और जनहित के प्रति समर्पण को मजबूत करने का संकल्प दोहराया यहआयोजन अठाना की विकास की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा और समन्वय का प्रतीक माना गया है नगर परिषद में नगर पंचायत अध्यक्ष रिंका जैन उपाध्यक्ष ललिता बैरागी पार्षदगण सीएमओ जगजीवन राम शर्मा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित है।

# रतलाम पुलिस एमडी तस्करों पर भारी पड़ रही, पुलिस ने किया अंतरराज्यीय MD ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क का भंडाफोड़, मुख्य सरगना जमशेद लाला सहित चार गिरफ्तार

**उपेन्द्र पाटोदिया**

**रतलाम।** रतलाम पुलिस ने नशे के काले कारोबार के खिलाफ अब तक की



सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय सिंथेटिक ड्रग (MD/MDMA) बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना जमशेद लाला सहित चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह पूरी कार्रवाई पिपलोदा थाना क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ा स्थित एक पोल्ट्री फार्म में चल रही थी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बोरखेड़ा में सलीम खान के पोल्ट्री फार्म की आड़ में अवैध नशीले पदार्थों का निर्माण किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी विवेक कुमार के मार्गदर्शन और एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के नेतृत्व में साइबर सेल और विभिन्न थानों की एक संयुक्त टीम गठित की गई। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका पुलिस टीम ने जब पोल्ट्री फार्म पर दबिश दी, तो वहां हड़कंप मच गया। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा। स्थानीय समाचार बड़ी मात्रा में ड्रग्स और केमिकल बरामद तलाश के दौरान पुलिस को मौके से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और उसे बनाने का सामान मिला है- **तैयार MD ड्रग**-200 ग्राम (अंतरराष्ट्रीय बाजार में



कीमत लगभग 20 लाख रुपये)। केमिकल्स-900 ग्राम 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफेनोन, 140.48 किलो MDC केमिकल और 35.600 किलो HCL उपकरण-गैस सिलेंडर, भट्ठी, ड्रायर मशीन, मिक्सर, स्टील की थालियां और अन्य प्रोसेसिंग उपकरण जब्त किए गए।

# ड्रग्स माफिया के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की तैयारी 1 अप्रैल से मप्र में शुरू होगा निर्णायक युद्ध

**भोपाल/ग्वालियर।** केंद्रीय गृह मंत्री के नशामुक्त भारत के विजन को धरातल पर उतारने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी घेराबंदी शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक (DGP) कैलाश मकवाणा ने स्पष्ट कर दिया है कि 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश में मादक पदार्थों के विरुद्ध एक ऐसा अभियान छेड़ा जाएगा, जिसका लक्ष्य केवल जब्ती नहीं, बल्कि ड्रग्स नेटवर्क का पूर्ण उन्मूलन है।

सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में डीजीपी ने प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, आईजी और पुलिस अधीक्षकों को जीरो टॉलरेंस नीति के साथ मैदान में उतरने के निर्देश दिए।

**सिर्फ प्यादों पर नहीं, किंगपिन पर होगा प्रहार**

बैठक में डीजीपी मकवाणा ने रणनीति बदलते हुए निर्देश दिए कि पुलिस अब केवल छोटे पैडलर्स या नशेड़ियों को पकड़कर खानापूर्ति न करे। प्राथमिकता ड्रग्स के नेटवर्क-स्रोत (Source), वितरण चैनल और मुख्य सरगनाओं को ध्वस्त करने की होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक नशे की जड़ों पर प्रहार नहीं होगा, तब तक प्रदेश को नशामुक्त बनाना संभव नहीं है।



**तकनीकी सेल और निदान पोर्टल का कवच**

डिजिटल युग में ड्रग्स की सप्लाई के बदलते तरीकों को देखते हुए, डीजीपी ने तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया है-

- **साइबर निगरानी**-वीपीएन (VPN) आधारित कॉल्स और डार्क वेब के जरिए होने वाली तस्करी पर नजर रखने के लिए हर जिले की टेक्निकल सेल को सक्रिय किया गया है।
- **डेटाबेस का उपयोग**-एडीजी नारकोटिक्स डी. श्रीनिवास वर्मा ने स्पष्ट किया कि निदान पोर्टल पर उपलब्ध देश भर के नार्को-अपराधियों के डेटा का उपयोग कर संदिग्धों की पहचान की जाए।
- **नक्सल ऑपरेशन की तर्ज पर समीक्षा**-इस अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी मॉनिटरिंग अब नक्सल ऑपरेशनों की तर्ज पर नियमित रूप से की जाएगी।

**6 अप्रैल तक मांगा वार प्लान**

डीजीपी ने सभी जिलों को 6 अप्रैल 2026 तक एक विस्तृत रोडमैप पेश करने के आदेश दिए हैं। इस प्लान में-

1. पिछले 10 वर्षों के अपराधियों का डेटाबेस।
2. जिलेवार हॉट-स्पॉट्स की पहचान।
3. अपराधियों की वित्तीय जांच और संपत्तियों को कुर्क करने की रणनीति शामिल होगी।

**दो-सूत्रीय रणनीति-कड़ाई और जागरूकता**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तैयार इस रणनीति के दो मुख्य स्तंभ हैं। एक ओर जहां अपराधियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत फास्ट ट्रैक ट्रायल चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, वहीं दूसरी ओर स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। अंतर्राज्यीय सीमाओं पर पड़ोसी राज्यों के साथ जॉइंट ऑपरेशन चलाने के लिए भी पुलिस अधीक्षकों को फ्री-हैंड दिया गया है। नशे के विरुद्ध यह अभियान केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक सरोकार भी है। प्रशासन का यह सख्त रुख यदि धरातल पर सही ढंग से क्रियान्वित होता है, तो मध्य प्रदेश आने वाले समय में देश के लिए एक मॉडल बन सकता है।

# आग लगने पर हो सकता है बड़ा हादसा-बिना फायर सेफ्टी के ही बन रहे व्यवसायिक भवन, धड़ल्ले से दे दी जा रही अनुमति-दिनोंदिन बढ़ रही है व्यवसायिक भवनों की संख्या....







संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

**झाबुआ (संजय जैन-सह संपादक)।** शहर के मुख्य मार्गों सहित बाजार में बड़े-बड़े व्यवसायिक भवन बनाए जा रहे हैं,जिसमें नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। इन भवनों में फायर सेफ्टी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है और फिर भी इन्हें टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अनुमति मिल जाती है।

**फायर सेफ्टी सिस्टम व्यावसायिक भवनों में होना चाहिए.........**

व्यवसायिक भवन बनाते समय पार्किंग, फायर सेफ्टी सहित अन्य सुविधाएं होने पर ही नपा या टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमति दी जाती है, लेकिन यहां कई भवन ऐसे हैं,जहां यह सुविधाएं नहीं हैं। इन भवनों में दुकानें संचालित हो रही हैं। फायर सेफ्टी के नाम पर सिर्फ छोटे-छोटे अग्निशमन यंत्र रख दिए जाते हैं,जो आग पर काबू पाने के पहले ही खाली हो जाते हैं। नियमानुसार पूरा फायर सेफ्टी सिस्टम भवनों में होना चाहिए।

**पता नहीं कितनों के पास फायर सिस्टम है और कितनों ने ले रखी है एनओसी?**

शहर के 18 वार्ड में निजी कॉलोनियों के अलावा पुराने रहवासी क्षेत्र है। नपा की राजस्व शाखा के अनुसार कॉलोनियों व रहवासी क्षेत्रों में 4 हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी बिल्डिंग बनी हुई है। इसमें 2 मंजिला से लेकर 3 मंजिला तक के भवन व मल्टी,काम्प्लेक्स,अस्पताल और होटल आदि बने है। करीब 400 बिल्डिंग ऐसी है,जिनकी ऊंचाई 9 मीटर या इससे ज्यादा है। नपा की राजस्व व लोक निर्माण शाखा के कर्मचारी व इंजीनियर इस आंकड़े को मानते है, उनके पास रिकॉर्ड नहीं है। उन्हें यह भी पता नहीं है कि कितनी बिल्डिंग में नियमानुसार फायर सिस्टम लगे है.....? और कितनों ने एनओसी ले रखी है........? जबकि नए नियम के दायरे में आने वालों को फायर सिस्टम लगवाने के साथ एनओसी लेना आवश्यक है।







**नहीं है पार्किंग व्यवस्था........**

व्यावसायिक भवनों में नियमानुसार बेसमेंट में पार्किंग होना चाहिए,लेकिन बेसमेंट में भी दुकानें खुली हुई हैं। इसके बाद भी नगर पालिका द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है। जिन भवनों में बैंक संचालित हो रहे हैं, वहां भी पार्किंग नहीं है,जबकि बैंक खोलते समय एग्रीमेंट में पार्किंग के लिए जगह का उल्लेख रहता है, लेकिन वाहन सड़कों पर ही खड़े होते हैं। इन दुकानों में फायर सेफ्टी के नाम पर सिर्फ छोटे-छोटे अग्निशमन यंत्र रख दिए जाते हैं,जो आग पर काबू पाने के पहले ही खाली हो जाते हैं।






**यह है नियम......**

फायर एक्सटिंग्विशर होना ही चाहिए, लेकिन मल्टी, काम्प्लेक्स,अस्पताल और होटल बिल्डिंग या कॉलोनी का काम होने के बाद बिल्डर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं लेते और जो लेते हैं उन्हें इंजीनियर सिर्फ स्ट्रक्चर का कंप्लीशन दे देते हैं।

## सर्वे कराएंगे.......



व्यावसायिक भवनों में नियमानुसार बेसमेंट में पार्किंग और फायर सेफ्टी होना चाहिए,लेकिन बेसमेंट में भी दुकानें खुली हुई हैं। जानकारी लेने के साथ ही,ऊँची बिल्डिंग मल्टी, काम्प्लेक्स, अस्पताल और तलघर का सर्वे करवाएंगे।

......मिलन पटेल-नगर पालिका,सीएमओ-झाबुआ।

# सम्पादकीय

## गुटबाजी भी खुलकर सामने

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, परन्तु भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई अभी भी अपनी स्थिति ठीक नहीं कर पाई है। राज्य में पार्टी का संगठन काफी बिखरा हुआ है। इस बात का खुलासा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने तब हुआ, जब वे इस हफ्ते चुनाव प्रचार की देखरेख के लिए कोलकाता आए थे। भाजपा अध्यक्ष को एक अप्रिय आश्चर्य का उस समय सामना करना पड़ा, जब उन्होंने राज्य के बाहर से आए नेताओं के काम-काज की समीक्षा शुरू की। पिछले चुनावों के अनुभव को देखते हुए, इन नेताओं को पश्चिम बंगाल में भाजपा के चल रहे चुनाव प्रचार में तेजी और गति लाने के लिए तैनात किया गया है। लेकिन भगवा खेमे के सूत्रों ने बताया कि ये नेता उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रहने के बजाय, अपने होटल के कमरों की वातानुकूलित सुख-सुविधाओं में आराम फरमा रहे हैं। चुनाव प्रचार की भाग-दौड़ और गर्मी-धूल से दूर, ये नेता पार्टी के उम्मीदवारों की चुनावी जीत सुनिश्चित करने के अभियान के बारे में आशावादी रिपोर्टें भेज रहे हैं। इनमें से कुछ नेता तो राज्य में मौजूद भी नहीं हैं। जानकारी मिली है कि वे चुनावी मैदान से दूर रहते हुए भी पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी कर रहे हैं। इन अनुपस्थित नेताओं के रवैये का चुनाव प्रचार पर बुरा असर पड़ा है, खासकर उन विधानसभा क्षेत्रों में जहां नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। क्योंकि न तो उम्मीदवार और न ही उनके समर्थक, पार्टी के उन वरिष्ठ पदाधिकारियों के सामने अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जो इन अनुपस्थित नेताओं से ऊंचे पद पर हैं। सुवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष या अग्निमित्रा पॉल जैसे दिग्गज उम्मीदवारों को इस तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ता है। वे अपना चुनाव प्रचार अपने दम पर करते हैं। जहां तक राज्य के बाहर से आए नेताओं की बात है, ऐसा लगता है कि वे स्थानीय नेताओं के निर्देशों को दरकिनार कर रहे हैं। लेकिन चूंकि उन्हें ज़मीनी हकीकत की जानकारी नहीं होती, इसलिए चुनाव प्रचार की गति धीमी पड़ रही है। नवीन की बैठक में गुटबाजी भी खुलकर सामने आ गई। जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुछ लापरवाह नेताओं को कड़ी फटकार लगा रहे थे, तभी उन्होंने पाया कि पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार बैठक से अनुपस्थित थे। ज़ाहिर है, मजूमदार, जो एक केंद्रीय राज्य मंत्री हैं और इस चुनाव में ज़ोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, उन्हें इस अहम बैठक में नहीं बुलाया गया था। मजूमदार की बैठक से गैर-मौजूदगी ऐसे समय में एक गलत संकेत देती है, जब भगवा खेमे का राष्ट्रीय नेतृत्व एकजुट होने का संदेश दे रहा है। इसके अलावा, चुनाव नामांकन के बंटवारे को लेकर भगवा खेमे में असंतोष पनप रहा है। सॉल्ट लेक स्थित पार्टी दफ्तर में नितिन नवीन की एक बैठक होनी थी, जिसे एक होटल में शिफ्ट कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि आशंका थी कि जिन कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं मिला है, वे ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। जिलों से ऐसे कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन की खबरें आई हैं।

## कलेक्टर ने जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया

संजय जैन सह संपादक

झाबुआ। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नेहा मीना द्वारा




**कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर झाबुआ जिले में भूमिगत जलस्तर में निरंतर हो रही गिरावट तथा आगामी ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट की गंभीर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, लोकहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।**

मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम, 1986 एवं संशोधन अधिनियम, 2002 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अधिनियम की धारा-3 के तहत झाबुआ जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। साथ ही, अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत जिले में नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश दिनांक 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा अथवा वर्षा में विलंब की स्थिति में वर्षा प्रारंभ होने तक लागू रहेगा। जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किए जाने के कारण उक्त अवधि में सभी संबंधित प्रतिबंध प्रभावी रहेंगे।

जारी आदेशानुसार, जिले के पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्रों में स्थित सभी सार्वजनिक पेयजल स्रोतों से बिना सक्षम अनुमति के कोई भी व्यक्ति सिंचाई, औद्योगिक अथवा अन्य किसी प्रयोजन हेतु जल का उपयोग नहीं कर सकेगा। आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यकतानुसार जल स्त्रोतों का अस्थायी अधिग्रहण किया जा सकेगा, जिसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को सक्षम प्राधिकारी नामित किया गया है।

निजी नलकूप खनन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में निजी नलकूप खनन अथवा निजी नल कनेक्शन की अनुमति प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना होगा, जिसके साथ 50 रुपये की चालान फीस बैंक में जमा कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

उक्त आवेदन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को प्रस्तुत किया जाएगा, जो अधिनियम में वर्णित शर्तों के अधीन अनुमति प्रदान कर सकेंगे।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अंतर्गत स्वीकृत नलकूप खनन कार्य इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

इसके अतिरिक्त, जिले में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को नलकूप खनन कार्य करने की अनुमति प्रदान की गई है।

उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध अधिनियम के तहत कड़ी दंडात्मक कार्यवाई की जाएगी, जिसमें 02 वर्ष का कारावास अथवा 2000 रुपये तक का अर्थदंड या दोनों से दंडनीय प्रावधान लागू रहेगा।

## पुरानी रंजिश में भाजपा पार्षद कल्लू कुशवाह की दिनदहाड़े हत्या, गोलियों से भूनकर फरार हुए आरोपी, पुलिस जांच तेज हुई

**दतिया। जिले के सेवढ़ा चुंगी चौराहे पर मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे उस समय अफरा तफरी मच गई, जब अज्ञात हमलावरों ने भाजपा पार्षद कल्लू कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह की अचानक चली गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका दहल उठा और चौराहे पर मौजूद लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल्लू कुशवाहा रोज की तरह सुबह टहलने के लिए सेवढ़ा चुंगी चौराहे पर पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे हमलावर अचानक सामने आए और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमले की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिला और गोली लगते ही वे मौके पर ही गिर पड़े। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना के तुरंत बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए और क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। प्रारंभिक जांच में इस हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश की



आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि मृतक कल्लू कुशवाहा वार्ड नंबर एक से भाजपा पार्षद थे और क्षेत्र में उनकी सक्रिय राजनीतिक पहचान थी। हालांकि उनका आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। जानकारी के मुताबिक उन पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे। हत्या के एक मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी थी और करीब चार महीने पहले ही वे जमानत पर जेल से बाहर आए थे। दिनदहाड़े हुई इस हत्या के बाद आम लोगों में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल सेवढ़ा चुंगी चौराहा पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है और पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## नगर परिषद राणापुर वित्तिय वर्ष 2026-2027 का अनुमानित आय-व्यय बजट ध्वनीमत से पारित


पंकज गोस्वामी

**राणापुर।** सोमवार को नगर परिषद रानापुर का साधारण सम्मेलन दोपहर परिषद सभाग्रह में प्रारंभ हुआ । जिसमें समस्त पार्षदगण उपस्थित हुए। नगर परिषद सभा ग्रह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिलन पटेल ने उपस्थित सभासद का स्वागत किया एवं लेखा अधिकारी चन्द्रकान्ता सोनी द्वारा बजट 26-27 का वाचन किया गया । वित्तीय वर्ष 2026-2027 का अनुमानित आय-व्यय बजट निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिलन पटेल द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष दीपमाला दिलीपसिंह नलवाया को प्रस्तुत किया गया। निकाय की लेखापाल



चन्द्रकान्ता सोनी सहायक राहुल परलीकर कम्प्यूटर ऑपरेटर लेखा शाखा द्वारा बजट मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिया गया। बजट में निम्नानुसार विवरण रखा गया। बजट मेंअनावश्यक मदो को हटाकर आवश्यक कार्य ही किए गए । अनुदान का विवरण भी बजट में रखा गया। जिससे नगर के विकास कार्य करवाए जा सके। उक्त बजट में कोई नवीन कर लागू नही किया गया । जिससे नगरवासियों पर कर का भार नही बढाया गया है। उक्त बजट सर्वसम्मति से अंगीकृत किया गया है। अनुमानित आय 41,42,97,849.00 इकतालीस करोड़, बयालीस लाख,सन्तानवे हजार, आठ सौ उनपचास रुपये एवं अनुमानित व्यय 41,42,87,550.00

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही में फरार आरोपी मयंक साहू गिरफ्तार



**इंदौर। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश इंदौर पुलिस आयुक्त द्वारा दिए गए हैं।**

इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी विशाल से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जो कि मादक पदार्थ अन्य जिलों से खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था यह दिहाड़ी मजदूरी पर कार्यकर्ता था।प्रकरण में पूर्व में आरोपी से 20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई थी।

**जब्त माल का विवरण**

20 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 2,00,000/- जिसकी अगली कड़ी में पूछताछ करते आरोपी मयंक साहू नि तिलक नगर इंदौर की जानकारी मिली जो कि घटना दिनांक से फरार था। जिसे चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस कार्यवाही–**

आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 104/25 धारा 8/21 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**राजेश पिल्लै**

**इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं।**

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश पतारसी करने के दौरान शहर के श्री एकदंतेश्वर गजानंद मंदिर के सामने किला मैदान रोड इंदौर के पास सुनसान जगह पर एक व्यक्ति पैदल जाता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर हड़बड़ाने लगा गतिविधि



से संदिग्ध लगने पर घेराबंदी कर रोका गया एवं पूछताछ करने पर कुछ का कुछ बताने लगा जिससे नाम पता पूछने पर मोइनुद्दीन उर्फ मोईन मेव नि मल्हारगंज का होना बताया जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर एक पारदर्शी पन्नी मिली जिसमें से 13.07 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ख्र बरामद की गई।

आरोपी जाली फाटक बनाने का कार्य करता है एवं 09 वीं कक्षा तक ही पढ़ाई की है। आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर इंदौर शहर में बेचना कबूला है। आरोपी से 13.07 ग्राम MD जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 41/26 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# रंगों में नहाया जीरन का ‘शिव घाट’, जैसे धरती पर उतरा इंद्रधनुष


**जीरन। जहाँ चाह, वहाँ राह इस कहावत को साकार कर दिखाया है जीरन के वार्ड क्रमांक 13 स्थित प्रतापगढ़ दरवाजा के शिव घाट ने। कभी साधारण सा दिखने वाला यह घाट आज इंद्रधनुषी रंगों में ऐसा निखर गया है कि हर कोई बस देखता ही रह जाए।**

‘जल गंगा संवर्धन अभियान’ के तहत हुए इस कायाकल्प ने घाट की सूरत ही नहीं, लोगों की सोच भी बदल दी है। तालाब सौंदर्यीकरण योजना के अंतर्गत घाट की सीढ़ियों को लाल, पीले, नीले और हरे जैसे चटख रंगों से सजाया गया है। मानो प्रकृति ने खुद अपनी कूची से इस स्थान को संवार दिया हो।

घाट के किनारे बनी लाल ईंटों की दीवारें और सफेद रंग में सजा छोटा शिव मंदिर इस दृश्य में चार चांद लगा रहे हैं। यहाँ पहुँचते ही ऐसा अहसास होता है जैसे स्वर्ग का टुकड़ा धरती पर उतर आया हो।

इस सुंदर परिवर्तन के पीछे वार्ड पार्षद श्रीमती प्रभा राजेश लक्षकार की दूरदर्शिता रही, जिनके सुझाव पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकास डावर और नपा अध्यक्ष रामकरण सगवारिया ने तुरंत अमल करते हुए इस कार्य को अंजाम दिया। उनके मार्गदर्शन में हुआ यह रंग-रोगन अब जीरन की पहचान बनता जा रहा है।

अब नगर परिषद ने भी साफ संदेश



दिया है कि सफाई आधी सेहत है इसलिए इस सुंदरता को बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घाट परिसर में कचरा न फैलाएं, प्लास्टिक का उपयोग न करें और यहाँ कपड़े धोने से बचें, ताकि पानी की शुद्धता और घाट की सुंदरता बनी रहे।

गौरतलब है कि शिव घाट की तरह ही जीरन तालाब के अन्य घाटों का सौंदर्यीकरण भी प्रस्तावित है, जिससे पूरा क्षेत्र आने वाले समय में पर्यटन का केंद्र बन सकता है।

शिव घाट की ये रंगीन छटा न सिर्फ आँखों को सुकून देती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि अगर इरादे नेक हों, तो बदलाव की तस्वीर खुद-ब-खुद रंगीन हो जाती है।

# भगवान महावीर की शोभायात्रा का पूर्व मंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्वागत किया

**ओम जैन शंभूपुरा**

**शंभूपुरा। श्री महावीर जन्म के कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के तत्वाधान में सूचना केंद्र के बाहर कांग्रेस पदाधिकारीयो ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।**

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर सत्य अहिंसा करुणा और आत्म संयम का संदेश देकर समस्त मानवता को धर्म और सदाचार का मार्ग दिखाया उनके आदर्श आज भी समाज को शान्ति प्रेम और आपसी सद्भाव की प्रेरणा प्रदान करते है।



प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, उप सभापति कैलाश पंवार, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह राठौड़, शहर संगठन महामंत्री महेश काकानी, जिला महामंत्री कमल गुर्जर, जिला प्रवक्ता राजेश सोनी, शहर महामंत्री शंभुलाल प्रजापत, पार्षद टिंकू धामानी, अनिल भड़कत्या, गजानंद शर्मा, शैलेंद्र सिंह शक्तावत, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नितिन वर्मा, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश घारू, जिला सचिव नरेंद्र विजयवर्गीय, गिरिवर सिंह, अमित लड्डा, शिवरतन सोनी, नारायण धाकड़, अजय अजमेरा, सुनील जाट, ओबीसी प्रकोष्ठ सोशल मीडिया प्रभारी गौरव मेडतवाल, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला सचिव तेजपाल कुमावत, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला सचिव रमेश प्रजापत, राहुल धूमस, नारायण नाथ सहित अन्य बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अहिंसा और सत्य का संदेश देने शोभायात्रा शामिल समाजजन

**बाग।** सम्पूर्ण जगत को अहिंसा परमो धर्म का सन्देश देकर विश्व कल्याण एवं शांति प्रेरक भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस जैन श्वेताम्बर श्री संघ ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजीत किए। प्रातः से जैन श्रावक एवं श्राविकाओं द्वारा प्रभु श्री महावीर स्वामी जी की प्रतिमा के पक्षाल, एवं केशर चन्दन पूजा की। पश्चात् प्रभु श्री महावीर स्वामी जी का वरघोड़ा सदर बाजार स्थित प्रभु श्री विमलनाथ स्वामी मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकला जहा प्रभु वरघोड़ा का समाजजनों द्वारा अक्षत, श्री फल की गहुली कर अभिनन्दन किया गया।

नगर में महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। इस आयोजन में समाज के सभी वर्ग युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय हो उठा।जुलूस के दौरान त्रिशला नंदन वीर की जय, बोलो महावीर की के जयघोष गूंजते रहे। महिलाओं और युवाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में विशेष आकर्षण





रहा। शोभायात्रा में श्रद्धालु भगवान महावीर के रथ के साथ श्रध्दा भक्ति भाव से मार्ग में जैन समाज की महिलाओं द्वारा भगवान महावीर की गउली कर जुलूस का स्वागत किया गया।जिससे वातावरण और अधिक श्रद्धामय बन गया। वर्गोड़े में भगवान महावीर का रथ युवाओं ने अपने हाथों से खींचा, जो उनकी आस्था और समर्पण का प्रतीक बना।

# नगर विकास प्रस्फुटन समिति बदनावर द्वार जल मंदिर (प्याऊ) का उद्घाटन हुआ

**बदनावर प्रदीप पवार**

**बदनावर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति बदनावर ने बस स्टैंड पर जल मंदिर (प्याऊ) लगाया।**

जिसका उद्घाटन पूर्व केबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, नगर परिषद प्रतिनिधि शेखर यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार, मोहन सिंह चौहान, आर्यावर्त पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस दौरान गोविंद रघुवंशी, संजू बना, नवनियुक्त एल्डरमैन एवं समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल गुर्जर, मितेश शर्मा, विवेक पाटीदार, संतोष राव, पार्षद जितेन शर्मा,संतोष चौहान, हरीश झारानी,जितेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम धाकड़, बृजपाल सिंह शक्तावत, आकाश मुकाती, पत्रकार राकेश सिंह चौहान, दिलीप चौहान, विनोद चौधरी, नवांकुर समिति, समस्त मेंटर्स एवं छात्र उपस्थित हुए। प्रस्फुटन समिति सचिव प्रदीप पवार ने आभार व्यक्त किया।

# लड़की की मौत के बाद, क्लीनिक सील, झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप

**खरगोन....मनोज मालवीया....**

जिले में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल अब जानलेवा साबित हो रहा है लेकिन हिरानी की बात है कि यह सब कुछ स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है आखिर किसके शरण में बिना डिग्री के डॉक्टर खुले आम इलाज कर रहे हैं एक के बाद एक मौत हो रही है जिम्मेदार आमला गहरी नींद में है क्योंकि कार्रवाई सिर्फ कागजों तक ही सीमित है कई डॉ के फर्जी क्लीनिक सील होने के बाद भी वापस खुल जाते है ऐसी जैसी मासूम की मौत के बाद भी सिस्टम नहीं जागता फिर गरीब और निर्दोष झोलाछाप बंगालियों के हाथों अपनी जान गवाते रहेंगे जिले के बीस्टान में 29 मार्च को एक दर्दनाक घटना सामने है जिसमें 16 वर्ष की आयुषी पटेल की डॉ प्रकाश गुप्ता के इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि इलाज करने वाला डॉक्टर कई सालों से मेन रोड पर अपना क्लीनिक चला रहा था।

साथ में मेडिकल भी घर पर ही संचालित कर ली थी वह पूर्व में ड्रेसर था मगर प्रशासन को मालूम होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है आप देखना यह है कि प्रशासन कार्रवाई करेगा या सरकारी कर्मचारी होने के नाते अपने बलबूते पर मामले को दबाया जाता है।

**भगवानपुर ब्लॉक फर्जी झोलाछाप बंगालियों का बना अड्डा**

यही हाल भगवानपुरा ब्लॉक में है भगवानपुर ब्लॉक के कहीं गांव में सैकड़ो डॉक्टर अपना नर्सिंग होम खोल कर बैठे हैं जिनके पास कोई वैध डिग्री नहीं है जो मरीजों को बेधड़क होकर स्लाइन लगा रहे है। जिसमें ब्लॉक भगवानपुरा मुख्यालय मे चार डॉक्टर वहीं धुलकोट में पांच से सात डॉक्टर काबरी में चार डॉक्टर सिरवेल पीपलझोपा में सैकड़ों भग्यापुर,सरवर देवला, गड़ी, मोगरगांव, मोहनपुरा सहित कहीं ऐसे ब्लॉक के गांव में जहां पर सैकड़ो डॉक्टर अपना धंधा चला रहे हैं जबकि और अपने साथ में मेडिकल भी संचालित कर रहे हैं अपने पास से ही दवाई गोलियां दे रहे हैं ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों के द्वारा इन फर्जी डॉक्टरों की शिकायत नहीं की गई कई बार ग्रामीणों के द्वारा भगवानपुरा बीएमओ डॉक्टर सुनील वर्मा, खरगोन सीएमएचओ डॉक्टर डीएस सोलंकी, जिला कलेक्टर सहित सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से भी लोगों ने शिकायत की मगर स्वास्थ विभाग के साथ सेटिंग के चलते सीएम हेल्पलाइन पर भी गलत जवाब देकर उन्हें बंद करवा दिया जाता है और कोई कार्रवाई नहीं होती है इन सब में स्वास्थ विभाग की मिली भगत होती है।



धुलकोट, सिरवेल मरीजों को बेधड़क होकर चढ़ाई जा रही सलाई

**बिस्टान में गुप्ता क्लीनिक सील कर दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे है पुलिस और स्वास्थ विभाग दोनों ही जांच कर रहे है वहीं गांव में बिना डिग्री के चला रहे क्लिनिकों पर कार्यवाही की जाएगी।**
**-डॉ डी एस चौहान, सीएमएचओ खरगोन**

# पूरे मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार में नंबर वन विधानसभा है मनासा विधानसभा-तरुण बाहेती जिला कांग्रेस अध्यक्ष

**दिनेश राठौर**

**मनास।** मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी मनाया, रामपुरा, और कुकडेश्वर के संयुक्त धरना प्रदर्शन में भ्रष्टाचार और मंहगाई, बिजली दर वृद्धि और किसान मुद्दों पर कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन आज पुराने जनपद पंचायत भवन मनासा के बाहर धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहां की पुरे मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार नंबर वन विधानसभा मनासा है और यह भी कहां की मनासा विधानसभा क्षेत्र में सभी शासकीय कार्यालयों में खुला भ्रष्टाचार हो रहा है जिसमें मनासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी शामिल है बाहेती ने भाजपा पर आरोपी लगाते हुए कहां की भाजपा की सरकार में गरीब और किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है धरना प्रदर्शन को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सागर कछावा ने संबंधित करते हुए कहा की मनासा विधायक शासकीय जमीनों पर खुलेआम अवैध कब्जा और अवैध निर्माण करावा रहे हैं कछावा ने यह भी बताया की भाजपा के सरकार में विधायक और भाजपा नेता मिलकर मनासा में सरकारी जमीनों पर शासकीयकर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध कब्जा और अवैध निर्माण कर अवैध रूप में शासकीय अस्पताल के पीछे आठ दुकानों का निर्माण किया गया है जो पुरी तरह अवैध निर्माण है धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुवें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र श्याम सोनी ने कहां की पिछले दिनों मनासा विधानसभा के गांव आकली रुपवास सोजवास और तुमड़ में भारी ओलावृष्टि हुई थी और ओलावृष्टि की जानकारी मिलने के बाद मनासा विधानसभा के विधायक किसानों के खेतों में पहुंचकर बर्बाद फसलों का निरीक्षण किया था लेकिन आज तक किसानों को? मुआवजा नहीं मिला है सोनी ने यह भी बताया की किसान के नाम पर भारतीय जनता पार्टी केवल और केवल राजनीति करने का काम करतीं हैं धरना प्रदर्शन को पूर्व प्रदेश महामंत्री मंगेश संघई संबंधित करते हुए कहा कि मनासा विधानसभा क्षेत्र में सभी शासकीय कार्यालयों के सभी कर्मचारी भारतीय जनता के कार्यकर्ता बना काम कर रहे हैं संघई ने भाजपा की सरकार पर आरोप लगते हुए यह भी कहां की मध्यप्रदेश में कुछ ही दिनों की सरकार बची है पुनः 2028 में कांग्रेस की सरकार आने वाली है धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुवें जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीष पोरवाल ने कहा की मनासा विधानसभा क्षेत्र के तीनों थाना पर खुलेआम तोड़बंटे हो रहे हैं जिसका एक हिस्सा मनासा विधायक को भी जाता है यह हालात हैं भाजपा की सरकार में धरना प्रदर्शन को पुर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चोरसिया, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रशेखर पालीवाल, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेश धनगर, किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ओम रावत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहन गुजर, नगर परिषद मनासा के पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद कसेरा, नगर परिषद मनासा के पार्षद बाबूलालकुशवाहा,सत्यनारायण पक्षकार, मनोरमा मुंदड़ा, मोना शर्मा, उषा सचदेवा, गजराज सिंह सोनगरा, हिम्मत सिंह चंद्रावत, अशोक गुजर आदि ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता रमेश मलिक, ईश्वर मुजावदिया, राजु गरासिया, विजयराज सिंह चंद्रावत।




दामु विजयवर्गीय, महेश नंदवाना, राजेंद्र कछावा, दोलतराम बंजारा, जमनालाल खटवा, इमरान खान, मुन्नी रावत, एवं बड़ी जनसंख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे धरना प्रदर्शन के बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुवे एस डी एम कार्यालय पहुंचे जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन का वाचन मनासा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र श्याम सोनी ने किया और कार्यक्रम का संचालन पवन रावल ने किया है।

# पुलिस चौकी रूनिजा ने TUV 300 वाहन से कुल 90 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त किया

**शाहिद अजमेरी**

**मंदसौर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ के भण्डारण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु अवैध मादक पदार्थ के धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद मीना के द्वारा समस्त थाना प्रभारीयो/चौकी प्रभारियो को अपने अपने थाना क्षेत्र मे अधिक से अधिक कार्यवाही कर ऐसे अपराधियो के विरूद्ध वैधानिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे।

निर्देशो का पालन करते हुऐ दिनांक 31.03.2026 को मुखबिर सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील एवं एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के नेतृत्व मे थाना प्रभारी सुवासरा निरीक्षक अनिल रघुवंशी के निर्देशन मे उनि भारत कटारा चौकी प्रभारी रूनिजा द्वारा गठित टीम की मदद से ग्राम धनवाड़ा सिंगपुर रोड़ पर स्थित चेकपोस्ट के पास नाकाबंदी के दौरान रोकी गई TUV



300 कार से 06 प्लास्टिक के कट्टो मे भरा डोडाचुरा मय वाहन के जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस नाकाबंदी के डर से तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर घटनास्थल से फरार हुआ अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**सराहनीय कार्य-**

उक्त सराहनीय कार्य मे निरीक्षक अनिल रघुवंशी थाना प्रभारी सुवासरा उनि भारत कटारा चौकी प्रभारी रुनिजा, आरक्षक 732 पंकज चौहान, आरक्षक 546 कृष्णपाल सिंह का विशेष योगदान रहा।

# भगवान महावीर के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर, श्वेतांबर जैन श्रीसंघ ने निकाला भव्य

**पंकज गोस्वामी राणापुर**

**राणापुर।** श्री महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर श्वेतांबर जैन श्रीसंघ द्वारा नगर में अत्यंत उत्साह और भक्तिभाव के साथ विशाल चल समारोह निकाला गया। इस दौरान पूरा मार्ग भगवान महावीर के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने बैंड के माध्यम से बजाए भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते हुए जन्म कल्याणक की खुशियां मनाईं। चौराहों पर गरबा किया गया।



**दो जिनालयों से निकले भक्ति के कारवां**


चल समारोह का शुभारंभ श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय एवं श्री सुविधिनाथ जिनालय से अलग-अलग हुआ। श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय से निकले जुलूस में सबसे आगे धर्म ध्वजा लहरा रही थी। समारोह में विशेष रूप से सजाए गए तीन वाहनों पर भगवान महावीर, श्री मुनिसुव्रत स्वामी जी एवं दादा गुरुदेव राजेंद्र सुरीश्वर जी की मनमोहक तस्वीरें सुशोभित थीं। भगवान की प्रतिमा के समक्ष प्रत्येक घरों से अक्षत एवं श्री फल से गहुली की गई । चल समारोह में साध्वी जी की भी निश्रा रही।

## डोंगरगांव के सबसे बड़े विभीषण ने लोकमडई में शामिल होकर जता दिया कि पार्टी के निष्ठा उनके लिए मायने नहीं

हेमंत वर्मा विशेष संवाददाता
राजनांदगांव

**गौरतलब है कि डोंगरगांव ब्लॉक के तुमडीबोड में लोकमडई आयोजन किया जा रहा जो अब विवाद की भेंट चढ़ते जा रहा है उसमें एक नेता की नेता की बेहद चर्चा में है।**

उनके लिए मायने सिर्फ और सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ मायने रखती है उसने इस बात को भी संभव कर दिखाया कि सांप और नेवला भी एक हो सकते हैं गौरतलब है की 2 साल पूर्व हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ खुलकर बगावत करने वाले इस नेता ने पार्टी प्रत्याशी को गर्त में डालने का भरसक प्रयास किया यही कारण की पार्टी प्रत्याशी महज कुछ ही मतों से चुनाव हार गए इसके पहले पाठकों को बता दे कि जब पूर्व में कांग्रेस की सरकार थी तब यही विभीषण नेता स्थानीय विधायक से सांठगांठ कर करोड़ों रुपए के ठेके अपने अंदर में हथिया लिए थे कभी ऐसा आपने सुना है कि सरकार आपकी हो और काम तुम्हारा हो ऐसा पॉसिबल जब होता है जब दोनों में आपसी कुछ संधि हो या गठबंधन हो ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि पार्टी विद डिफरेंट की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी छोटे-मोटे कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी को अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित या बर्खास्त करती है लेकिन स प्रमाण मौजूद होने के बावजूद भी इस विभीषण पर आखिर हाथ क्यों नहीं डाला जा रहा है बड़ा सवाल है लेकिन जवाब सरकार आने के 2 साल बाद भी अब तक जनता को नहीं




मिल पा रहा है।


जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा के उक्त कथित नेता की जबरदस्त ठेकेदारी चलती थी यह बात हंड्रेड परसेंट प्रमाणित है और आपने अपने लेख में भी स्पष्ट किया है पुर्व में हमने इस बात को कई बार इंगित किया है।

उसके बावजूद भी इस मसले पर किसी भी भाजपा नेता ने प्रतिक्रिया नहीं दी दूसरी ओर विधानसभा चुनाव में जबरदस्त भीतर घात की शिकायत सप्रमाण उच्च स्तर तक भी गई है।

उसके बावजूद भी उक्त विभीषण नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है यह बड़ा रहस्यमय चीज है कि आखिर उक्त नेता से कहीं बड़े नेताओं के रहस्य को अपने अंदर तो नहीं समेट लिए हुए हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा

**कुक्षी।** त्रिकालदर्शी मारुति नंदन हनुमान मंदिर मंगलवारिया में 2 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाना है इस दिन प्रतिमा का विशेष श्रृंगार अभिषेक कर प्रातः 6 बजे महा आरती व 10.30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होने जा रहा है क्षेत्र के धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेकर प्रसादी ग्रहण करें समिति के अध्यक्ष डॉ निर्मल कुमार पाटीदार,मोहनलाल सोनी, राजेश बडजात्या, प्रवीण चौहान, पं. मनोहर मण्डलोई श्यामलाल जोरवाल, रोहित सोनी भागचंद राठौड, दिपक (कालू) सोनी, मुकेश पुरोहित, ज्ञानेश सोनी, मुकेश कलर्स, सचिन चौहान, सुनील धरवाल, मुकेश वर्मा, गोपाल सोनी, महेंद्र पाटीदार मिर्चीवाला, महेश राठौड, लक्की बैरागी, पंकज सोनी बाबुलाल तैल्या, हिराचंद सोनी चिंटू वर्मा, योगेश सोनी, राजेन्द्र चोपड़िया, शरद सोनी, विलाश भाऊ, अमन सोनी जितेन्द्र चौहान, सोभाराम राठोड आदि समिति सदस्यों ने आव्हान किया।



### जिले की सोमनी पुलिस को बड़ी सफलता

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कारी करने वाले फरार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**हेमंत वर्मा संवाददाता राजनांदगांव**

दिनांक 21/07/2025 को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि टाटा ट्रक में अवैध रूप से गांजा जैसा मादक पदार्थ ट्रक में छुपाकर उडिसा से महाराष्ट्र ले जा रहा है जो दुर्ग से राजनांदगांव जीई रोड़ होते हुए निकलने वाला है कि सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा भारतीय पुलिस सेवा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेण्डर किरो के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी के नेतृत्व में पूर्व के थाना सोमनी के अपराध क 154/2026 धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस एक्ट के आरोपी

(1.) भरत कुमार सिंह पिता रमाधार सिंह उम्र 32 साल साकिन ताजपुर थाना माझी जिला छपरा बिहार।

(2) पुरन लाल लड़िया उर्फ राजू पिता कुंजी लाल उम्र 28 साल साकिन ग्राम




कुम्रोडा (रिचई) थाना सुआताला जिला नसिंगपुर (म.प्र.) हाल झांकड़पारा धनकौड़ा थाना सदर धानुपाली जिला संबलपुर उड़िसा।

को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था।

प्रकरण में फरार आरोपी पवन रात्रे उर्फ इमरान पिता स्व. राजू रात्रे उम्र 23 साल निवासी बलौदा वार्ड नं 12 राजकेशर अस्पताल के सामने थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) का पता तलाश कर हिरासत लेकर मामले के संबंध में बारीकी से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो जुर्म स्वीकार करने पर कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से गिरफतारी के कारणों का अवगत कराकर विधिवत गिरफतार किया है।

मामला जुर्म अजमानतीय होने से न्यायिक रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह, उनि बलदाऊ चन्द्राकर प्र.आर. 660 डूलेश्वर साहू, आ. 533 विनोद महिलागे, मनोज हरमुख का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है।

## भोपाल में आयोजित हुआ युवा विधायक सम्मेलन, धरियावद विधायक थावरचन्द डामोर ने किया राजस्थान का प्रतिनिधित्व

**जुबेर अहमद। धरियावद- विधायक थावरचन्द डामोर ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के जोन अंतर्गत राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के युवा विधायकों के सम्मेलन में भाग लेकर राजस्थान विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया है।**

यह महत्वपूर्ण सम्मेलन भोपाल स्थित मध्यप्रदेश, विधानसभा में आयोजित हुआ,जिसमें राजस्थान के अन्य युवा विधायक भी सम्मिलित रहे। इस सम्मेलन में डॉ.मोहन यादव मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश,उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष, मध्यप्रदेश,वासुदेव देवनानी अध्यक्ष,राजस्थान विधानसभा,नरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष,मध्यप्रदेश विधानसभा एवं डॉ.रमन सिंह अध्यक्ष,छत्तीसगढ़ विधानसभा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।

सम्मेलन में विभिन्न राजनीतिक दलों से आए युवा जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक डामोर का सार्थक संवाद हुआ। इस दौरान अलग- अलग विचारधाराओं के बावजूद जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर




गंभीर एवं सकारात्मक चर्चा देखने को मिली,जो लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक है। विधायक डामोर ने कहा कि राजस्थान,मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की विविध संस्कृति, अनुभव और युवा दृष्टिकोण ने इस मंच को अत्यंत समृद्ध बनाया। यह सम्मेलन न केवल विचारों के आदान-प्रदान का अवसर रहा,बल्कि जनसेवा के क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच भी सिद्ध हुआ।

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवा जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर व्यापक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में हुआ 99.6 प्रतिशत आवेदनों का त्वरित निराकरण

राजेश नाहर 9479973888
बड़वानी

**कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु 12 जनवरी से 31 मार्च तक 4 चरणों में चलाए गए प्रदेश व्यापी संकल्प से समाधान अभियान में जिले ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं।**

इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न 16 विभागों की 65 सेवाओं और 41 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया गया। इस अभियान के तहत जिले में प्राप्त कुल आवेदनों में से 99.6 प्रतिशत का निराकरण सुनिश्चित किया गया।जिले में कुल 1,62,428 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें से 1,61,840 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। अभियान के तहत जिले की 562 ग्राम पंचायतों और वार्डों के लिए कुल 102 शिविर प्रस्तावित किए गए थे। ग्राम,क्लस्टर,ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित इन सभी शिविरों को समय सीमा के भीतर संपन्न कर लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत सहकारी विभाग द्वारा सबसे अधिक 27,614 आवेदनों का निराकरण किया गया। अन्य प्रमुख सेवाओं में निर्माण श्रमिकों का पंजीयन,भवन निर्माण अनुमति और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं शामिल रहीं। राजस्व विभाग और सहकारिता विभाग इस अभियान में सबसे सक्रिय रहे। साथ ही, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने भी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर जनता को बड़ी राहत प्रदाय की गई ।




# गैस की किल्लत को लेकर केंद्रीय मंत्री का पुतला फूंका

**धार।** आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के नेतृत्व में धार में बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया, जिसमें गैस समस्या के त्वरित समाधान, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने तथा गेहूं खरीदी 1 अप्रैल से प्रारंभ करने की मांग की गई। साथ किसानों की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए प्रतीकात्मक रूप से एक तगारी गेहूं एसडीएम को सौंपकर मोहन यादव तक पहुंचाने का आग्रह किया गया । धीरज दीक्षित हरदेव सिंह जाट सुहेल निसार,परितोष सिंह, राधेश्याम मुवेल, कमल सिंह पटेल, अजय सिंह ठाकुर




जितेंद्र जोशी, राजेश पवार, टोनी छबड़ा राजेश पटेल, मनीष भार्गव, अंतिम राठौड़ , बाबू लाल जी जाट,गणेश जी खेर,ओम दादा मनावर, निरंजन सिंह पिटगरा, राजेश राठौड़, कपिल नलछा देवेंद्र पाटीदार, पवन जायसवाल जी

# विपणन सहकारी संस्था के प्रबंधक श्री पटेल हुए सेवानिवृत्त

## गरिमामय विदाई समारोह का हुआ आयोजन





दिपेश पड़ियार

पेटलावद। विपणन सहकारी संस्था मर्यादित पेटलावद के प्रबंधक मांगीलाल पटेल के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को नगर के एक निजी गार्डन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री पटेल ने सन 1979 से वर्ष 2026 तक निरंतर अपनी सेवा पेटलावद में दी। अपने सेवाकाल के दौरान किए गए विभिन्न कार्यों को लेकर अपने विचार सांझा किए। विदाई समारोह विपणन सहकारी संस्था के प्रबंधक ठा. गजराजसिंह देवड़ा द्वारा आयोजित किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता सहकारीता उपायुक्त डीसी भिड़े झाबुआ ने की। आयोजनकर्ता के द्वारा सेवानिवृत्त हुए श्री पटेल का पुष्पहार पहनाकर, साफा बांधकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी भिड़े एवं रविन्द्र सोलंकी ने श्री पटेल के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालाओर बेदाग किए गए उनके कार्यों की सभी ने सराहना की। आयोजन में संस्था प्रशासक रविन्द्र सोलंकी, भाजपा नेता अनोखीलाल मेहता, पूर्व संस्था अध्यक्ष ठा. नवीनचंद्रसिंह बोड़ायता , पूर्व संस्था अध्यक्ष ठा. नरेंद्र पालसिंह सलूनिया, ठा. हनुमंतसिंह गंगाखेड़ी, जिला खाद्य अधिकारी संजय पाटिल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आनंद चंगोड, सुरेश तोमर, पेटलावद थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया, पत्रकार मुकेश सिसोदिया, मोहन पड़ियार सहित नगर के गणमान्य नागरिक, संस्था कर्मचारीगण, समस्त सहकारी समितियों के प्रबंधक, परिवारजनों और इष्ट मित्रों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था झकनावदा के प्रबंधक हरिराम चौधरी द्वारा किया गया। आभार संस्था के प्रबंधक ठाकुर गुजराजसिंह देवड़ा ने माना।

# अज्ञात व्यक्ति की गला घोंट कर की गई हत्या, पुलिस जुटी जांच में



उज्जैन। भूखी माता मंदिर क्षेत्र के पास मंगलवार दोपहर शिप्रा नदी किनारे पुलिया के नीचे मिले शव की शिनाख्त नहीं हुई है। लाश पड़ी होने की सूचना पर महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में युवक की गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस के अनुसार शव पुलिया के नीचे नग्न अवस्था में पड़ा था। शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, जबकि पास में ग्रे रंग की पैंट और सफेद कुर्ता रखा मिला। मृतक के गले में शू-लेस बंधी हुई मिली है। इसी आधार पर पुलिस गला घोंटकर हत्या की आशंका जता रही है। मृतक की उम्र करीब 24 से 25 साल के बीच है। युवक के सिर पर तिलक भी लगा हुआ था। घटना की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों का सुराग मिल सके।

# गैस सिलेन्डर, मूल्यवृद्धि, अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि पेट्रोल डीजल की कमी व किसानों की विभिन्न सम्स्याओं के लेकर कांग्रेस का ज्ञापन

**तराना। वर्तमान में भाजपा सरकार की जनविरोधी नितियों एवं अपरिपक्वता के चलते आम जन महगाई से पहले से ही प्रभावित है। उस पर मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेन्डर के मूल्यों में वृद्धि करके व राज्य सरकार के द्वारा बिजली दरों में बड़ोतरी को करके जनता का जीना कठीन हो गया है।**



वहीं पेट्रोल डीजल की उपलब्धता नही होने से आम जनता व किसान परेशान हो रहे है किसानी काम चल रहा है इस स्थिति में जनता अपना करें कि पेट्रोल पम्पों पर घन्टों तक पेट्रोल डीजल के लाईन में खड़ा करें। उपर्जन केन्द्रों पर गेहू खरीदी शुरु अब तक नहीं हुई है यह भी भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार की नाकामी प्रतीत हो रही है। जिसका सरकार का आमजन व किसानों पर बिल्कुल धयान नहीं है खरीदी की तारीख पर तारीख बढ़ाई जा रही है। किसानों की फसल खरीदी नहीं जा रही है और बैंको के ऋण व बिजली बिलों की बसूली गुण्डागर्दी के आधार पर की जा रही है। वसूली की तारीख अप्रैल आखरी तक बढ़ाई जिससे किसान डिफाल्टर होने से बच सके। उक्त समस्याओं को सज्ञान में लेकर जल्द से जल्द निराकरण किया जाय। इन सभी मुद्दों को लेकर कांग्रेसजनों ने एसडीएम कार्यकाल के बाहर धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किया। वहीं सभी मांगे जल्द से जल्द मांगी जाएं इसको लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम बृजेश सक्सेना को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया कि अगर समय रहते प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा किसान हित की मांगे नहीं मानी गईं तो कांग्रेस संगठन द्वारा उग्र आन्दोलन किया जायेगा। जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी। उक्त जानकारी संजय यादव द्वारा दी गई।

# महावीर जन्म कल्याणक पर भव्य आयोजन, ऐतिहासिक शोभायात्रा से गुंजायमान हुआ पेटलावद नगर

दिपेश पड़ियार

**पेटलावद। भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव पेटलावद जैन समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें समाजजनों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन में नगर का वातावरण पूर्णत: धर्ममय हो गया।**

इस पावन अवसर पर समाजजनों द्वारा विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 08ः30 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ की गई। शोभायात्रा में भगवान को सुसज्जित बग्गी में विराजित कर श्री आदेश्वर बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल उदय मैरिज गार्डन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के साथ सजे-धजे घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे, वहीं छोटे बच्चे ध्वज लहराते हुए भक्ति भाव से नजर आए। पूरे मार्ग में जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा तथा मार्ग में नगर परिषद द्वारा शोभायात्रा का स्वागत भी किया गया। आयोजित सभा में कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से की गई। कार्यक्रम में श्री आदेश्वर जैन महिला मंडल द्वारा भक्ति



पूर्ण गीतिका की प्रस्तुति दी गई, वहीं अंशुल भंडारी द्वारा भी सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित समाजजनों ने सराहा।

इसके पश्चात विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। अरिहंत युवा वाहिनी के अध्यक्ष पंकज पी. पटवा ने अपने उद्बोधन में अरिहंत युवा वाहिनी द्वारा किए जा रहे समाज सेवा कार्यो की जानकारी देते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

इसके साथ ही वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ से राजेंद्र कटकानी, तेरापंथ समाज से अध्यक्ष नरेंद्र पालरेचा, मंदिर मार्गी जैन श्रीसंघ से कांतिलाल मालवी, महावीर समिति से अध्यक्ष संजय भंडारी (गुड्डू) तथा दिगंबर जैन मंदिर संघ से अल्पित गांधी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने भगवान महावीर के अमर संदेश ÷जियो और जीने दो÷ को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि आज जब पूरा विश्व अशांति, तनाव और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, ऐसे समय में महावीर स्वामी का यह सिद्धांत मानवता के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। इस अवसर पर वर्षीतप आराधक अनिल मेहता, रोहित कटकानी, श्रीमती हेमलता रमणलाल कोठारी आदि उपस्थित तपस्वियों का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने तप, त्याग एवं संयम को आत्मशुद्धि का सर्वोत्तम मार्ग बताया।

प्रातःकाल नवकारसी का आयोजन किया गया, नवकारसी के लाभार्थी श्रीमती सुगनबाई रूपचंद मूणत परिवार रहे।

कार्यक्रम का संचालन अरिहंत युवा वाहिनी के सचिव पदम कुमार मेहता द्वारा किया गया। आभार अध्यक्ष पंकज पी. पटवा द्वारा माना गया। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम अरिहंत युवा वाहिनी के संचालन में आयोजित किया गया। अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पीयूष पटवा द्वारा दी गई।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर निकली भव्य शोभायात्रा

पिपलौदा (गौरव टांकवाल)। जैन समाज के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर नगर के श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। प्रातः मे पक्षाल, केसर पूजा, स्नात्र पूजा के साथ जन्म वाचन हुआ। जन्मोत्सव पर भगवान महावीर की अंगरचना की गई कल्प सूत्र का वाचन शेखर बोहरा ने किया। तत्पश्चात लाभार्थी परिवार द्वारा महाआरती की गई नन्ही बालिकाओं व महिला परिषद द्वारा जन्मोत्सव निमित्त विशेष प्रस्तुति दी गई संचालन महेश बोहरा ने किया। कार्यक्रम पश्चात श्री संघ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमे भगवान महावीर स्वामी ने नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन दिए। समाजजनों ने घर घर गहुली बनाई व भगवान महावीर के दर्शन लाभ लिया। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेंद्र यतींद्र जयंत सेन वाटिका पहुची जहा सकल जैन समाज का स्वामी वात्सल्य हुआ। इस अवसर पर श्री संघ, वाटिका ट्रस्ट, नवयुवक परिषद, महिला परिषद, तरुण परिषद, बालिका परिषद आदि उपस्थित थे।



प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादकःशानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।